an>

title: Need to address the problems being faced by the Grameen Dak Sevaks in the country.

श्री भगवंत खुबा (बीदर): आदरणीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपको हृदय से धन्यवाद देता हूं। इस 16वीं लोक सभा के अंदर करीब 314 माननीय सदस्य पहली बार निर्वाचित होकर आए हैं। मैं भी उनमें से एक हूं। आपने मुझे शून्य काल में एक महत्वपूर्ण विषय उठाने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। मेरा निवेदन है कि ग्रामीण भाग के अंदर डाक सेवाओं का बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य हमने माना है और अनुभव भी किया है। भविष्य में भी हम इसके महत्व को अनुभव करते रहेंगे। लेकिन 10 मार्च से करीब 2,50,000 कर्मचारी हड़ताल पर हैं। इन महत्वपूर्ण कर्मचारियों की सेवाओं को कंसिडर करके उन्हें कनिष्ठ डाक कर्मी के समान वेतन और आम डाक कर्मचारियों की तरह सुविधाएं सरकार को देनी चाहिए। मैं इसके लिए सरकार से आग्रह करता हूं। अभी ग्रामीण भाग के अंदर डाक सेवाएं टोटल ठप हो गई हैं। इसलिए जल्दी से जल्दी उनके वेतन और अन्य सुविधाओं के बारे में सरकार को विचार कर इस समस्या का समाधान करना चाहिए।

माननीय अध्यक्ष : सर्वश्री सी.आर. चौधरी, रामचरण बोहरा एवम त देवजी एम. पटेल को श्री भगवंत खुबा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री बाबू लाल चौधरी - उपस्थित नहीं।

श्री चाँद नाथ।